# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024–25
## कक्षा–12
## समाजशास्त्र

समयः 3 घंटा 15 मिनट पूर्णांक 100

निर्देशः प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

नोटः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघुत्तरीय प्रश्न जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघुत्तरीय प्रश्न है जिसका उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1– निम्नांकित में कौन सी एक दशा भारत में जनसंख्या वृद्धि का कारण नही है? 01

क) निम्न जीवन स्तर ख) संयुक्त परिवार व्यवस्था

ग) बाल विवाह का प्रचलन घ) स्थान परिवर्तन की प्रवृत्ति

2– परम्परागत भारतीय समाज में सामाजिक स्तरीकरण का आधार क्या रहा है?

क) धन एवं सम्पत्ति ख) जाति 01

ग) परिवार घ) धर्म

3– निम्न में से कौन संयुक्त परिवार की विशेषता है? 01

क) सामान्य मनोवृत्तियाँ ख) सामान्य सम्पति

ग) एक संगठन घ) इनमें से कोई नही

4– बाजार में किसी वस्तु की कीमत का निर्धारण करने का मुख्य आधार है– 01

क) प्रतिस्पर्धा ख) वस्तु की मांग व पूर्ति

ग) वस्तु की गुणवत्ता घ) सेवाओं का मूल्य

5–महात्मा गॉधी ने अस्पृश्य जातियों के लिए 1930 के दशक को किस नाम से सम्बोधन आरम्भ किया? 01

क) आदिवासी ख) हरिजन

ग) पिछडे. वर्ग घ) दलित

6–भारत मे 2011 की जनगणना के अनुसार लिंग अनुपात (स्त्रियॉ प्रति 1000 पुरूष) कितना था? 01

क) 933 ख) 940

ग) 927 घ) 934

7–भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया? 01

क) 2005 ख) 2004

ग) 2008 घ) 2006

8– निम्नांकित में से कौन परियोजना कार्य का चरण है? 01

क) अध्ययन विषय का चुनाव ख) अध्ययन प्रविधियों का चुनाव

ग) तथ्यों का संकलन घ) उपर्युक्त सभी।

9–उपनिवेशवाद किस सोच का प्रतिफल है? 01

क) मानवतावाद ख) समाजवाद

ग) साम्राज्यवाद घ) अन्तर्राष्ट्रीयता

10–पंचायती राज व्यवस्था में कितने स्तर होते है? 01

क) दो ख) तीन

ग) चार घ) पाँच

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–**

11– हरित क्रान्ति के तीन प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 03

12– औद्योगिक समाज की प्रमुख विशेषताएं बताइए। 03

13– मास मीडिया क्या है? 03

14– जनसंख्या विस्फोट का अर्थ बताइये। 03

15– उदारीकरण से क्या तात्पर्य है? 03

16– जाति को परिभाषित कीजिए। 03

17– पश्चिमीकरण को परिभाषित करें। 03

18– नातेदारी सम्बन्ध क्या होते हैं? 03

19– वर्ग आधारित आन्दोलन से आप क्या समझते है? 03

20– 'जन्मदर' से आप क्या समझते है? 03

**लघुउत्तरीय प्रश्न–**

21– जाति व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं को बताइए। 06

22– परियोजना कार्य के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए 06

23– सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक आन्दोलन मे क्या अन्तर है? 06

24– पंथनिरपेक्षता से आप क्या समझते है? 06

25– दलित आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य लिखिए। 06

26– 'पंचायती राज अधिनियम' की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 06

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–**

27–संस्कृतिकरण की अवधारणा तथा इसकी प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 08

अथवा

भूमण्डलीकरण द्वारा आर्थिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में लाये गये परिवर्तनों की विवेचना कीजिए।

28–दहेज प्रथा का भारतीय समाज पर प्रभाव का वर्णन किजिए। 08

अथवा

महिला आन्दोलन से आप क्या समझते है? भारत में महिला आन्दोलन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

29–साक्षात्कार पद्धति को समझाइये तथा इसके गुण एवं दोषो का उल्लेख कीजिए। 08

अथवा

हरित क्रांति और इसके सामाजिक परिणामो की विवेचना कीजिए।